अमर उजाला
amarujala.com
बरेली
बुधवार, 17 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO 6 : MIDDLE

# 17 ओवर के खेल में पश्चिम बंगाल ने तीन विकेट खोकर बनाए 89 रन

## कोहरे और कम रोशनी के कारण दोपहर बाद शुरू हो सका कूच बिहार ट्रॉफी का मुकाबला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरेली।** भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को कोहरे और कम रोशनी के कारण अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के चार दिवसीय मैच का आगाज दोपहर बाद हुआ। उत्तर प्रदेश के कप्तान भव्य गोयल ने टॉस जीतकर पश्चिम बंगाल की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले दिन सिर्फ 17 ओवरों का खेल हो सका। पश्चिम बंगाल की टीम ने तीन विकेट खोकर 89 रन बनाए।

सुबह से ही घना कोहरा छाए होने से दोपहर तक खेल बाधित रहा। इस दौरान खिलाड़ी मैदान पर फुटबॉल खेलते दिखे। अपराह्न 2:40 बजे मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने अंपायरों से चर्चा के बाद खेल शुरू करने का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करने उतरी पश्चिम बंगाल की टीम को यूपी के गेंदबाज यश पंवार ने पहला झटका दिया। उन्होंने आत्मजा मंडल (10 रन) को रवि सैनी के हाथों कैच कराया। इसके बाद कप्तान चंद्रहास दास (27 रन) और आदित्य राय ने पारी को संभाला, लेकिन रवि सैनी ने चंद्रहास को आउट कर पश्चिम बंगाल को दूसरा झटका दिया। आशुतोष कुमार (9 रन) के रूप में तीसरा विकेट गिरा।

शाम 4:27 बजे बल्लेबाजों ने खराब रोशनी की अपील की तो अंपायरों ने खेल रोक दिया। शाम 4:51 बजे पहले दिन के खेल की समाप्ति की घोषणा की गई। फिलहाल आदित्य राय (35) और अभिप्राय बिस्वास (4) क्रीज पर डटे हैं।

### सीताराम सक्सेना को किया सम्मानित

मैच के दौरान बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना को क्रिकेट के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि और देव मूर्ति ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया। 1965 से क्रिकेट से जुड़े सक्सेना वर्ष 2010 से सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इससे पहले मैच का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी ने किया। अगले माह से वहां डे-नाइट मैचों की सुविधा भी शुरू करने की घोषणा की गई। बीसीए संरक्षक आदित्य मूर्ति ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. निर्मल यादव, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल, डॉ. अंशू अग्रवाल, डॉ. आरके सिंह, आईडीए अध्यक्ष डॉ. राहुल बोरा, डॉ. योगेश प्रसाद, विभोर गोयल आदि मौजूद रहे।



एसआरएमएस क्रिकेट मैदान पर आयोजित कूच बिहार ट्रॉफी के मैच में शॉट लगाता पश्चिम बंगाल का खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान